दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए ने बिहार की चालीस सीटों पर सीट बंटवारे की घोषणा की। भाजपा सत्रह, जदयू सोलह और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास पांच सीटों पर लड़ेगी चुनाव।

02. राज्य सरकार ने बिहार राज्य महिला आयोग को भंग किया। संस्कृत और मदरसा शिक्षा बोर्ड का भी किया गया विघटन।

03. स्विस संगठन आई क्यू ए आई आर की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार तेईस में बेगूसराय विश्व का सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की आशंका जतायी।

———————————————————————————

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने बिहार की चालीस सीटों पर सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने नई दिल्ली में आयोजित सवांददाता सम्मेलन में घटक दलों के नेताओं की उपस्थिति में सीटों के बंटवारे का ऐलान किया। तय फॉर्मूले के अनुसार भाजपा सत्रह सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि, सहयोगी दल जदयू सोलह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास को पांच सीटें दी गयी हैं। वहीं, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक–एक सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। श्री तावड़े ने कहा कि एनडीए एकजुट है और आगामी चुनाव में प्रदेश की सभी चालीस सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिलेगी।

———बाईट———

श्री तावड़े ने बताया कि भाजपा पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और औरंगाबाद समेत सत्रह सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

———बाईट———

बिहार भाजपा प्रभारी ने बताया की जदयू वाल्मिकीनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किश्नगंज और कटिहार समेत सोलह संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करेगी।

———बाईट———

श्री तावड़े ने बताया कि एनडीए गठबंधन के प्रमुख सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई सीटें दी गयी हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को गया संसदीय सीट, जबकि उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को काराकाट संसदीय सीट मिली है।

————————————————————————

एनडीए के सीट बंटवारे में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को कोई सीट नहीं मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस का आज पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का कार्यक्रम है। सूत्रों के अनुसार श्री पारस इस कॉन्फ्रेंस में पार्टी की आगे की रणनीति की घोषणा कर सकते हैं।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के नक्सल प्रभावित सीमावर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुयी बैठक में सक्रिय उग्रवादी दस्तों के विरूद्ध आपसी समन्वय स्थापित कर नक्सल विरोधी अभियान चलाने पर सहमति बनी। इसके अलावा अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के उपायों पर भी चर्चा की गयी।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों से साठ हजार से अधिक पोस्टर बैनर हटाये गये। वहीं, सरकारी संपत्तियों पर दीवार लेखन के कुल पांच हजार दो सौ सैंतीस मामलों पर कार्रवाई की गयी। इसके अलावा पिछले अड़तालीस घंटों के दौरान पच्चीस हजार चार सौ बत्तीस लीटर शराब जब्त की गयी। इसका बाजार मूल्य एक करोड़ ग्यारह लाख रूपये से अधिक है। वहीं, दो करोड़ बाईस लाख रूपये से अधिक मूल्य के नशीले और मादक पदार्थ भी जब्त किये गये। इधर, कैमूर जिले के उग्रवाद प्रभावित चैनपुर थाना के

पहाड़ी क्षेत्र में शराब की बरामदगी के लिए पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से छापेमारी की। इस दौरान जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में स्थित किसी भी मतदान केन्द्र को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार राज्य महिला आयोग को भंग कर दिया गया है। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि पच्चीस जुलाई दो हजार तेईस से गठित आयोग को चौदह मार्च—दो हजार चौबीस के प्रभाव से भंग किया जाता है। विभाग ने कहा है कि अगले दो महीने के भीतर आयोग का पुर्नगठन कर लिया जाएगा। इधर, शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड और बिहार राज्य संस्कृत शिक्षा बोर्ड का भी विघटन कर दिया है।

———————————————————————————

दरभंगा में एम्स के निर्माण के लिए शोभन बाईपास में प्रस्तावित स्थल का कल केन्द्र सरकार की पांच सदस्यीय तकनीकी विशेषज्ञों की समिति ने निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने डीएमसीएच परिसर का भी जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने प्रस्तावित स्थल से अन्य जिलों के सड़क संपर्क को लेकर स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही एम्स निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई होगी।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि सीआरपीसी की धारा— एक सौ पच्चीस के तहत पति अपनी पत्नी का भरण—पोषण करने के लिए बाध्य है, भले ही नौकरी से उसे कोई आय नहीं हो। न्यायाधीश विवेक चौधरी ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पति अकुशल श्रमिक के रूप में प्रतिदिन कमा सकता है। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पत्नी को गुजारा भत्ता के रूप में पति आय का एक तिहाई हिस्सा देने के लिए बाध्य है।

———————————————————————————

स्विस संगठन आई क्यू ए आई आर ने अपनी हाल की रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष दो हजार तेईस में बिहार का बेगूसराय विश्व का सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। रिपोर्ट के अनुसार नई दिल्ली की वायु गुणवत्ता–दो हजार तेईस में सबसे खराब श्रेणी की थी। इस रिपोर्ट में अनुमान व्यक्त किया गया है कि भारत में सौ करोड लोगों ने पी एम टू प्वाइंट फाइव हवा के स्तर का अनुभव किया। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित किये गये वार्षिक प्रति घनमीटर पांच माइक्रोग्राम हवा के स्तर से अधिक था।

————————————————————————————

काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, कटिहार, पूर्णियां और मधेपुरा जिले के कुछ हिस्सों में देर रात हल्की बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नालंदा, पटना और बक्सर समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों बारिश और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अर्लट भी जारी किया गया है। विभाग ने पूर्वानुमान में बताया कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विश्वविद्यालयों के लंबित सत्रों को जल्द ही नियमित किया जाएगा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा की सीनेट की बैठक को संबोधित करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि इस संबंध में सभी कुलपतियों को निर्देश दिया जा चुका है और इस पर काम भी शुरू हो गया है।

————————————————————————————

पटना सिविल कोर्ट परिसर में तेरह मार्च को हुए ट्रांसफर्मर विस्फोट की घटना में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। इस हादसे में झुलसे एक अन्य अधिवक्ता हरिनारायण गुप्ता की कल पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। विद्युत विभाग की ओर से मृतक के परिजन को सात लाख रूपये का मुआवजा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि इस हादसे में एक अधिवक्ता की मौके पर

ही मौत हो गयी थी, जबकि गंभीर रूप से झुलसे एक मुंशी की इलाज के दौरान मौत हुई थी।

————————————————————————————

राज्य के कम बारिश वाले ग्यारह जिलों में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। अरवल, औरंगाबाद, बांका, भोजपुर, गया, जमुई, जहानाबाद, लखीसराय, नवादा और शेखपुरा जिले में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए उनतीस करोड़ पचास लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

————————————————————————————

राज्य के मदरसा शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और बकाया भुगतान के लिए शिक्षा विभाग ने एक सौ पचास करोड़ रूपये जारी किये हैं। यह राशि वित्तीय वर्ष–दो हजार तेईस–चौबीस के लिए दी गयी है।

————————————————————————————

मोतिहारी में आयोजित तैंतीसवीं सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार ने गोवा को तैंतालीस–इकतीस से पराजित कर अंतिम चार का सफर तय किया।

बावनवीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार ने ओडिशा को बारह–छह से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता में बिहार की यह लगातार तीसरी जीत है।

————————————————————————————

बहुचर्चित बरमेश्वर मुखिया हत्याकांड में संज्ञान के बिंदु पर सीबीआई की दलील पूरी हो गयी है। आरा स्थित एमपी–एमएलए कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई इक्कीस मार्च को होगी।

————————————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के सिमरी बाजार स्थित एक बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र से अपराधियों ने हथियार के बल पर दो लाख पचास हजार रूपये लूट लिये।

————————————————————————————

पटना के बेउर थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ी नत्थूपुर में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो छात्रों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर की पॉक्सो अदालत ने एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी श्रीराम सहनी को बीस साल कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सीट बंटवारे की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– एनडीए में सीटें बंटी, पारस और मुकेश को जगह नहीं।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– चिराग ही एनडीए के पारस– गठबंधन को दुरूस्त रखने के लिए बंटवारे में सीटों की अदला–बदली भी हुई।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र की कॉपी छपाई के पहले ही ली गयी थी पेन ड्राईव में। प्रिटिंग प्रेस भी जांच के दायरे में। अखबार लिखता है– बीपीएससी तय करेगा नोडल पदाधिकारी।

**प्रभात खबर** अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखता है– सूख गयी बिहार की चौबीस नदियां। उत्तर बिहार में पैमार में सबसे अधिक गाद।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– बिहार समेत छह राज्यों के गृह सचिव हटाये गये। **आज** अखबार की प्रमुख खबर है– चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई को इक्कीस तक देनी होगी सारी जानकारी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. एनडीए ने बिहार की चालीस सीटों पर सीट बंटवारे की घोषणा की। भाजपा सत्रह, जदयू सोलह और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास पांच सीटों पर लड़ेगी चुनाव।

02. राज्य सरकार ने बिहार राज्य महिला आयोग को भंग किया। संस्कृत और मदरसा शिक्षा बोर्ड का भी किया गया विघटन।

03. स्विस संगठन आई क्यू ए आई आर की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार तेईस में बेगूसराय विश्व का सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की आशंका जतायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।